
**Directions (1-5): नीचे दी गई जानकारी के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

छह व्यक्ति एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं और वे सभी केंद्र की ओर उन्मुख हैं. वे सभी छह विभिन्न देशों अर्थात् भारत, चीन, जर्मनी, फ्रांस, रूस और जापान से सम्बंधित हैं, लेकिन यह आवश्यक नहीं कि सभी समान क्रम में हों. साथ ही प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न विषय अर्थात् फिजिक्स, केमिस्ट्री, इकोनॉमिक्स, मेडिसिन,पीस और लिटरेचर पसंद करते हैं लेकिन आवश्यक नहीं कि सभी समान क्रम में हों. मेडिसिन, इकोनॉमिक्स और पीस पसंद करने वाले व्यक्ति न तो जापान से और न ही भारत से सम्बंधित हैं. फ्रांस और चीन से सम्बंधित व्यक्ति न तो मेडिसिन और न ही लिटरेचर पसंद करते हैं. A न तो जापान से सम्बंधित है और न ही केमिस्ट्री पसंद करने वाले व्यक्ति के ठीक बाएँ बैठा है. E और F दोनों फिजिक्स पसंद करने वाले व्यक्ति के निकटतम पड़ोसी हैं. मेडिसिन पसंद करने वाला व्यक्ति, रूस से सम्बंधित व्यक्ति के विपरीत बैठा है. जबकि चीन से सम्बंधित व्यक्ति, पीस पसंद करने वाले व्यक्ति के ठीक बाएं बैठा है. D केमिस्ट्री पसंद करता है और चीन से सम्बंधित है और वह फिजिक्स पसंद करने वाले व्यक्ति की ओर उन्मुख है. लिटरेचर पसंद करने वाला व्यक्ति, जापान से सम्बंधित व्यक्ति के ठीक दाएं बैठा है लेकिन इकोनॉमिक्स पसंद करने वाले व्यक्ति के ठीक बाएं स्थान पर बैठा है. C इकोनॉमिक्स पसंद नहीं करता है और F मेडिसिन पसंद नहीं करता है. B उन व्यक्तियों में से एक है.

**Q1. केमिस्ट्री कौन पसंद करता है?**
(a) B के ठीक बाएं स्थान पर बैठा व्यक्ति
(b) A के ठीक दाएं स्थान पर बैठा व्यक्ति
(c) फिजिक्स पसंद करने वाले व्यक्ति के विपरीत स्थान पर बैठा व्यक्ति
(d) जापान से सम्बंधित व्यक्ति
(e) दोनों (c) और (d)

**Q2. E और D के मध्य कौन-सा व्यक्ति बैठा है (E के बाएं से )?**
(a) भारत से सम्बंधित व्यक्ति के बाएं से दूसरा
(b) जापान से सम्बंधित व्यक्ति के दाएं से दूसरा
(c) रूस से सम्बंधित व्यक्ति के बाएं से चौथा
(d) लिटरेचर पसंद करने वाले व्यक्ति के दाएं से दूसरा
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q3. लिटरेचर पसंद करने वाले व्यक्ति के ठीक दाएं स्थान पर कौन बैठा है?**
(a) D
(b) E
(c) B
(d) F
(e) इनमें से कोई नहीं



**Q4. मेडिसिन पसंद करने वाला व्यक्ति कहाँ बैठा है?**

(a) फ्रांस से सम्बंधित व्यक्ति के ठीक बाएं स्थान पर

(b) जापान से सम्बंधित व्यक्ति के ठीक दाएं स्थान पर

(c) इकोनॉमिक्स पसंद करने वाले व्यक्ति के विपरीत स्थान पर

(d) रूस से सम्बंधित व्यक्ति के विपरीत स्थान पर

(e) दोनों (c) और (d)

**Q5. निम्नलिखित में से कौन फ्रांस से सम्बंधित व्यक्ति के दाएं से दूसरे के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है?**

(a) B

(b) A

(c) C

(d) E

(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (6-10): निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में तीन कथन I, II और III दिए गए हैं, प्रत्येक प्रश्न में निर्णय करना है कि कथनों में दिए गए आकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं-**

(a) यदि कथन I और II में दिए गए आंकड़े एकसाथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन III में दिए गए आंकड़े उत्तर देने के लिए आवश्यक नहीं है

(b) यदि कथन I और III में दिए गए आंकड़े एकसाथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है लेकिन कथन II में दिए गए आकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक नहीं है।

(c) यदि कथन II और III में दिए गए आंकड़े एकसाथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दिए गए आंकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक नहीं है।

(d) यदि तीनों कथनों I, II और III में दिए गए आंकड़े एकसाथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं।

(e) यदि तीनों कथनों I, II और III में दिए गए आंकड़े एकसाथ भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**Q6. नवम्बर के किस दिन निश्चित ही रोहित की माँ का जन्मदिन होता है?**

**I.** रोहित को ठीक से याद है कि उसकी माँ का जन्मदिन 18 नवम्बर से पहले लेकिन 12 नवम्बर के बाद होता है।

**II.** रोहित की बहन को ठीक से याद है कि उसकी माँ का जन्मदिन 15 नवम्बर के बाद लेकिन 19 नवम्वर के पहले होता है।

**III.** रोहित के पिता को ठीक से याद है कि उसकी पत्नी का जन्मदिन 14 नवम्बर के बाद लेकिन 17 नवम्बर से पहले आता है।

**Q7. सात व्यक्ति A, B, C, D, N, M और O एक गोल मेज के चारों ओर बैठे हैं, तो गोल मेज व्यवस्था में (C के बाएँ से गिनते हुए) C के संदर्भ में A का स्थान क्या है? यदि वे सभी मेज के केंद्र की ओर उन्मुख है?**

**I.** A, M के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है, M जो O का निकटतम पड़ोसी नहीं है। D, B के ठीक बाएं बैठा है?

**II.** N, D के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। O, C के ठीक दाएं बैठा है।

**III.** M, B के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है, B जो कि A का निकटतम पड़ोसी है। C, O के ठीक दाएं बैठा है।

**Q8. एक परिवार में सात व्यक्ति A, B, C, M, K, T और L हैं। ज्ञात कीजिए कि K की माँ कौन है?**
**I.** M, K का भाई है। T, B से विवाहित है। K, L की पुत्री है। A, L से विवाहित हैं।
**II.** M, K का सहोदर है। T, A का पिता है।
**III.** K, M की इकलौती बहन है। A, B की इकलौती संतान है और उसकी पत्नी L है।

**Q9. बिंदु M के संदर्भ में, बिंदु A किस दिशा में और कितनी दूरी पर है?**
**I.** बिंदु B, बिंदु N के 2 मी उत्तर में है। बिंदु A, बिंदु B के 2 मी उत्तर में है। बिंदु E, बिंदु B के 6 मी पूर्व में है।
**II.** बिंदु I, बिंदु M के 3 मी दक्षिण में है। बिंदु E, बिंदु I के 3 मी पश्चिम में है। बिंदु B, बिंदु E के 5 मी दक्षिण में है। बिंदु A, बिंदु B के पश्चिम में है।
**III.** बिंदु E, बिंदु I के 2 मी उत्तर में है। बिंदु N, बिंदु I के 6 मी पश्चिम में है। बिंदु M, बिंदु N के 2 मी दक्षिण में स्थित है।

**Q10. छह व्यक्ति A, B, C, D, E और F एक पंक्ति में बैठे हैं और वह सभी उत्तर दिशा की ओर उन्मुख हैं। बाएँ छोर से D का स्थान क्या है?**
**I.** A, दाएँ छोर से तीसरे स्थान पर है। B और E, A के निकटतम पड़ोसी हैं।.
**II.** B, E के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है लेकिन वह A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। E, किसी एक अंतिम छोर पर बैठा है। D, B का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
**III.** E, A के ठीक दाएं बैठा है, A जो C के दाएं से दूसरे स्थान पर हैं। C और F निकटतम पड़ोसी हैं।

**Q11. निम्नलिखित में से कौन-से व्यंजक में, व्यंजक $F \le R$' निश्चित रूप से सत्य होगा?**
(a) $F < Q \le G < R$
(b) $R \ge Q < G \ge F$
(c) $R \ge G = Q \ge F$
(d) $F = Q \le G < R$
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q12. निम्नलिखित में से कौन-से व्यंजक में, व्यंजक '$L < P$' सत्य नहीं है?**
(a) $P > N \ge M = L$
(b) $L = N \le M < P$
(c) $P < N \le M \le L$
(d) $L < M = N \le P$
(e) $L < M < N < P$

**Q13. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजक सत्य होगा, यदि व्यंजक '$J \ge H = I > K$' निश्चित रूप से सत्य है?**
(a) $J \ge K$
(b) $K < H$
(c) $I \ge J$
(d) $K = J$
(e) इनमें से कोई नहीं



**Directions (14-18): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये।**

एक परिवार में आठ सदस्य अर्थात् A, B, C, D, E, F, G और H हैं। उनमें से छह एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं और वे सभी केंद्र की ओर उन्मुख हैं। परिवार में तीन पीढियाँ और तीन विवाहित युगल हैं। उनमें से कोई भी युगल एक दूसरे के निकट में नहीं बैठा है। A, एक महिला है और उसका केवल एक ग्रैंडसन है। कोई भी महिला H के निकट नहीं बैठी है। F, H की कज़िन है। C, G से विवाहित है लेकिन F का पेरेंट नहीं है। B की दो संताने हैं। E, C का ब्रदर-इन-लॉ है। F, C की नीस नहीं है। A, B के विपरीत बैठा है लेकिन H के निकट नहीं बैठा है। D, अपने पति के दायें से तीसरे स्थान पर बैठी है। E, B की किसी एक संतान से विवाहित है। C, अपनी संतान के विपरीत बैठा है। C, D का भाई है। H, E के ठीक बाएं नहीं बैठा है.

**Q14. निम्नलिखित में से कौन B से विवाहित है?**
(a) E
(b) F
(c) C
(d) A
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q15. निम्नलिखित में से कौन वृत्ताकार मेज के चारों ओर नहीं बैठा है?**
(a) E
(b) F
(c) C
(d) B
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q16. A, G से किस प्रकार संबंधित है?**
(a) माता
(b) सास
(c) बहन
(d) भाई
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q17. H, E से किस प्रकार संबंधित है?**
(a) माता
(b) सास
(c) बहन
(d) भाई
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q18. निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित रूप से समान है, ज्ञात कीजिए कि कौन उस समूह से संबंधित नहीं है?**

(a) E

(b) F

(c) C

(d) B

(e) G

**Q19. यदि संख्या 4375268 में, प्रत्येक सम संख्या से 2 घटाया जाए और प्रत्येक विषम संख्या में 1 जोड़ा जाए, तो निर्मित नई संख्या में निम्नलिखित में से कौन सा अंक दो बार प्रकट होगा?**

(a) केवल 4

(b) केवल 4 और 6

(c) 1, 4 और 6

(d) 4, 5 और 6

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q20. यहाँ पांच व्यक्ति अर्थात् P, Q, R, S और T हैं. यदि S, T और P से छोटा है. Q, T से लम्बा है, T जो P से लंबा नहीं है. Q, केवल दो व्यक्तियों से छोटा है. P, सबसे लम्बा नहीं है, तो उनमें से तीसरा सबसे लंबा व्यक्ति कौन है?**

(a) P

(b) S

(c) Q

(d) R

(e) इनमें से कोई नहीं

**Direction (21-25): निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

एक निश्चित कूट भाषा में -

"all books are good" को "H10 W8 O6 V6" लिखा जाता है

"Novels present in library" को "G14 B14 H12 M4" लिखा जाता है

"Lot of knowledge" को "U4 G6 V18" लिखा जाता है

**Q21. "Exam Result" का कूट क्या है?**

(a) M4 S5

(b) G12 N8

(c) H12 V8

(d) G3 V12

(e) इनमें से कोई नहीं



**Q22. "Education in School" के लिए क्या कूट है?**
(a) F9 N4 M18
(b) M4 O14 M9
(c) G8 P18 U12
(d) M4 O12 M18
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q23. "Stressed Students" के लिए क्या कूट है?**
(a) V8 H16
(b) W16 H16
(c) W8 H16
(d) G18 X16
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q24. "Study by tutor" के लिए क्या कूट है?**
(a) B4 I10 B10
(b) I10 B2 B10
(c) U4 B4 B14
(d) B10 Y10 R10
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q25. "Games Playground" के लिए क्या कूट है?**
(a) S10 W20
(b) V20 H10
(c) H10 W20
(d) T15 W20
(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (26-28): इनमें से प्रत्येक प्रश्न निम्नलिखित जानकारी पर आधारित है-**
(i) P % Q का अर्थ P, Q का पिता है
(ii) P @ Q का अर्थ P, Q की बहन है
(iii) P $ Q का अर्थ P, Q का भाई है
(iv) P * Q का अर्थ P, Q का पुत्र है

**Q26. व्यंजक A * C % D @ B $ E में, C, E से किस प्रकार सम्बन्धित है?**
(a) ग्रैंडफादर
(b) माता
(c) बहन
(d) पिता
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q27. व्यंजक P @ R * T $ U % V में, U, P से किस प्रकार सम्बधित है?**

(a) पिता

(b) कजिन

(c) अंकल

(d) माता

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q28. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजक E को G की आंट दर्शाता है।**

(a) E @ F % H * G $ K

(b) E @ F % H $ G * K

(c) G $ F % H @ E * K

(d) F % E $ G * H @ K

(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (29-30): दी गई जानकारी का अध्ययन कीजिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

एक परिवार में सात सदस्य हैं, जिसमें दो विवाहित युगल हैं। F, R की माता है। E, P की आंट है। C,Q का ससुर है, Q जो R की पत्नी नहीं है। C, E का भाई है। Q, G की माता है। F, E की सिस्टर- इन-लॉ है। R पुरुष है।

**Q29. निम्नलिखित में से कौन R की सिस्टर- इन-लॉ है?**

(a) E

(b) P

(c) Q

(d) G

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q30. G, F से किस प्रकार सम्बंधित है?**


(a) ग्रैंडमदर

(b) बहन

(c) ग्रैंडफादर

(d) पिता

(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता



adda 247 publications

## BOOKS




**Visit:** publications.adda247.com & store.adda247.com

For any information, mail us at **publications@adda247.com**